# प्रश्न पुस्तिका
# QUESTION BOOKLET

123033

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 40
Number of Pages in Booklet : 40

बुकलेट सीरीज

**A**

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
Number of Question in Booklet : 100

समय / Time : 2.00 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answer is marked, it would be treated as wrong answer.
5. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, which is provided separately.
6. Each question has four alternative responses marked serially as 1,2,3,4. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLACK/ BLUE BALL PEN.
7. There is no Negative Marking.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please carefully and correctly fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Sheet.
10. If there is any sort of ambiguity / mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** Candidate using unfair means in the exam will be disqualified & action as per law shall be taken.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये जाने वाले ओ.एम.आर. प पर अंकित करें ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जि क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को स उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर नीले / काले बॉल पेन से गहरा करना है ।
7. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।
8. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है । किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी :** परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधिनुसार कार्यवाही की जायेगी।

1. Under the provisions of the Rajasthan Agricultural Credit Operations (Removal of Difficulties) Act, 1974, a Bank can recover its dues from any agriculturist or his heir or legal representative or his guarantor on account of financial assistance availed of by the agriculturist by making an application to :-
(1) District Judge
(2) High Court
(3) Prescribed Authority
(4) None of the above

1.राजस्थान कृषि ऋण संक्रिया (कठिनाईयों का निराकरण) अधिनियम, 1974, के अन्तर्गत बैंक किसी कृषक द्वारा प्राप्त की गई वित्तीय सहायता की देय की वसूली,किसी कृषक या उसके उत्तराधिकारी या विधिक प्रतिनिधि या उसके प्रतिभू से करने के लिए आवेदन पेश कर सकता है :-
(1) जिला न्यायाधीश को
(2) उच्च न्यायालय को
(3) विहित प्राधिकारी को
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. Under Section 35 of the Rajasthan Court Fees and Suits Valuation Act, 1961, in a suit for partition and separate possession of a share in joint family property by a plaintiff, who has been excluded from possession of such property, court fee shall be:-
(1) paid at fixed rate
(2) computed on the market value of the plaintiff's share of the property
(3) at the discretion of the plaintiff
(4) based on written statement of the defendant

2. राजस्थान न्यायालय फीस तथा वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961, की धारा 35 के अन्तर्गत अविभक्त कुटुम्ब की सम्पत्ति का विभाजन एवं हिस्से के पृथक कब्जे के वाद में ऐसे वादी द्वारा जिसे सम्पत्ति पर कब्जे से अलग कर दिया गया है, न्यायालय फीस देनी होगी :-
(1) निश्चित दर अनुसार
(2) सम्पत्ति में वादी के हिस्से के बाजार मूल्यानुसार संगणित कर
(3) वादी की इच्छानुसार
(4) प्रतिवादी द्वारा प्रस्तुत जवाबदावे पर आधारित

3. Under the Rajasthan Stamp Act, 1998, in case of a release-deed,in the absence of an agreement to the contrary, the expense of providing the proper stamp shall be borne by:-
(1) the beneficiary
(2) the person drawing, making or executing the release-deed
(3) by both the parties in equal shares
(4) none of the above

3. राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998, के अन्तर्गत निरमुक्ति पत्र पर, किसी प्रतिकूल करार के अभाव में, उचित स्टाम्प की व्यवस्था करने का खर्च निम्न द्वारा वहन किया जावेगा:-

(1) हिताधिकारी द्वारा

(2) निरमुक्ति पत्र को लिखने वाले, बनाने वाले या निष्पादित करने वाले द्वारा

(3) दोनों पक्षकारों द्वारा बराबर हिस्सों में

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

4. If an instrument has not been duly stamped and where such an instrument has been admitted in evidence, such admission :-

(1) can be called in question at any stage of the same suit or proceeding

(2) shall not be called in question at any stage of the same suit or proceeding except as provided for by Section 71 of the Rajasthan Stamp Act, 1998

(3) at the discretion of the opposite party can be called in question

(4) none of the above

4. यदि एक दस्तावेज सम्यक रूप में स्टांम्पित नहीं है एवं जहाँ उक्त दस्तावेज को साक्ष्य में ग्रहित कर लिया गया है, उक्त साक्ष्य के ग्रहण को :-

(1) उसी वाद या प्रक्रिया के किसी भी प्रक्रम पर प्रश्नगत किया जा सकता है

(2) राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 की धारा 71 में यथा उपबंधित के सिवाय, उसी वाद या प्रक्रिया के किसी भी प्रक्रम पर प्रश्नगत नहीं किया जा सकता है

(3) विरोधी पक्ष के विवेकानुसार प्रश्नगत किया जा सकता है

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

5. Under the Registration Act, 1908 a Will can be presented for registration before the Registrar or Sub Registrar by:-

(1) the testator

(2) after death of testator, any person claiming as executor or otherwise under a will

(3) both (1) and (2)

(4) none of the above

5. रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908, के अन्तर्गत एक वसीयत को निम्न में से किसके द्वारा रजिस्ट्रीकरण के लिए रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है:-

(1) वसीयतकर्ता द्वारा

(2) वसीयतकर्ता की मृत्यु के पश्चात वसीयत के अधीन निष्पादक या अन्यथा दावा करने वाले व्यक्ति द्वारा

(3) उक्त (1) एवं (2) दोनों द्वारा

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. Two parties entered into a contract. They later realised that the law as they understood as applicable was not in force in India. This makes their contract:-

(1) illegal

(2) void

(3) voidable

(4) none of the above

6. दो पक्षकारों ने संविदा की। बाद में यह ज्ञात हुआ कि कानून जिसे वे लागू समझ रहे थे, भारत में लागू नहीं था। इस तथ्य से उनकी संविदा हो जाएगी :-

(1) अवैध
(2) शून्य
(3) शून्यकरणीय
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. Acknowledgement after the expiration of the period prescribed under the Indian Limitation Act, 1963, for a suit or application:-

(1) is of no effect
(2) gives rise to an independent & enforceable contract
(3) is of great value
(4) none of the above

7. भारतीय परिसीमा अधिनियम, 1963, में वाद या प्रार्थना पत्र के लिए अभिनिर्धारित परिसीमा के गुजरने के बाद की गई अभिस्वीकृति :-

(1) का कोई प्रभाव नहीं है
(2) स्वतंत्र एवं प्रवर्तनीय संविदा को उत्पन्न करती है
(3) बहुत मूल्यवान है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. Time limit for disposal of a petition filed under Section 9 of Rajasthan Rent Control Act, 2001 is:-

(1) within the period of two hundred and forty days from the date of service of notice on the tenant

(2) within the period of twelve months from the date of service of notice on the tenant

(3) within the period of six months from the date of service of notice on the tenant

(4) no limitation

8. राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001, की धारा 9 के अन्तर्गत दायर याचिका के निस्तारण हेतु समय सीमा है:-

(1) किरायेदार पर नोटिस की तामील के दो सौ चालीस दिन के भीतर
(2) किरायेदार पर नोटिस की तामील के बारह माह के भीतर
(3) किरायेदार पर नोटिस की तामील के छः माह के भीतर
(4) कोई समयावधि नहीं

9. Subject to contract between the partners, a firm is dissolved :-

(1) if constituted for a fixed term, by the expiry of that term
(2) if constituted to carry out one or more adventures or undertakings, by the completion thereof
(3) by the death of a partner
(4) all the above

9. साझेदारों के मध्य हुई संविदा के अध्यधीन साझेदारी फर्म विघटित होगी:-

(1) यदि वह किसी नियत अवधि के लिए गठित की गई हो तो उस अवधि के अवसान पर
(2) यदि वह एक या अधिक प्रोद्यमों या उपक्रमों को चलाने के लिए गठित की गई हो तो उसके या उनके पूर्ण हो जाने पर
(3) किसी भागीदार की मृत्यु हो जाने पर
(4) उपरोक्त सभी

10. Finder of lost goods under Indian Contract Act, 1872 is a:-

(1) bailor
(2) surety
(3) bailee
(4) none of the above

10. भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 में खोये हुए माल को पाने वाला है :-

(1) उपनिधाता
(2) प्रतिभू
(3) उपनिहिती
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. Under Rajasthan Right to Hearing Act, 2012, a complaint can be filed regarding grievance relating to :-

(1) the service matters of a public servant
(2) any matter in which any Court or Tribunal has jurisdiction
(3) any matter under Right to Information Act, 2005
(4) none of the above

11. राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012, के अन्तर्गत परिवाद किस शिकायत के संबंध में दर्ज कराया जा सकता है :-

(1) लोक सेवक के सेवा संबंधी मामले

(2) ऐसे मामले, जिनमें न्यायालय अथवा न्यायाधिकरण को क्षेत्राधिकार है

(3) सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत कोई मामला

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

12. In which of the following cases has the Supreme Court ruled that the members of the Transgender Community who are neither male nor female, at the time of birth, are recognized as 'Third Gender' for the purpose of safeguarding and enforcing appropriately their fundamental and other legal, social and economic rights guaranteed under the Constitution?

(1) Rambilas Singh Vs. State of Bihar - AIR 1989 SC 1593

(2) Lily Thomas Vs. Union of India - (2013) 7 SCC 653

(3) National Legal Services Authority Vs. Union of India - (2014) 5 SCC 438

(4) None of the above

12. निम्न में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा यह धारित किया गया है कि विपरीतलिंगी समुदाय के सदस्य, जो जन्म के समय न तो पुरूष है और न महिला है, उनके मूलभूल और अन्य कानूनी, सामाजिक और आर्थिक अधिकार, जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत है, के संरक्षण हेतु एवं उचित रूप से प्रवर्तन हेतु उन्हे तृतीय लिंग के रूप में मान्यता प्रदान की ?

(1) रामबिलास सिंह बनाम बिहार राज्य- एआईआर 1989 एससी1593

(2) लीली थोमस बनाम भारत संघ (2013) 7 एससीसी 653

(3) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ (2014) 5 एससीसी 438

(4) उपरोक्त में कोई नहीं

13. Article 21-A providing for Right to Education was inserted in the constitution by :-

(1) the Constitution (Eighty Sixth Amendment) Act, 2002

(2) the Constitution (Ninety First Amendment) Act, 2003

(3) the Constitution (Ninety Second Amendment) Act, 2003

(4) the Constitution (Eighty Fourth Amendment) Act, 2001

13. शिक्षा के अधिकार का उपबन्ध करने वाले अनुच्छेद 21-क को संविधान में अन्तर्विष्ट किया गया :-

(1) संविधान (छियासी वां संशोधन) अधिनियम, 2002 द्वारा

(2) संविधान (इकरानवे वां संशोधन) अधिनियम, 2003 द्वारा

(3) संविधान (बानवे वां संशोधन) अधिनियम, 2003 द्वारा

(4) संविधान (चौरासी वां संशोधन) अधिनियम, 2001 द्वारा

14. Which of the following is correct statement in so far as Section 20 of the Code of Civil Procedure, 1908, is concerned ?
(1) The suit has to be instituted in the court of the lowest grade competent to try it
(2) The suit has to be instituted in the court within the local limits of whose jurisdiction the defendant actually and voluntarily resides or carries on business or personally works for gain
(3) The suit has to be instituted in the court within the local limits of whose jurisdiction, the cause of action wholly or in part arises
(4) All the above are correct

14. जहाँ तक सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, की धारा 20 का संबंध है, निम्न में से कौनसा कथन सही है?
(1) वाद को उस निम्नतम श्रैणी के न्यायालय में संस्थित किया जाना चाहिए,जो उसका विचारण करने में सक्षम हो
(2) वाद उस न्यायालय में संस्थित किया जावेगा,जिसकी स्थानीय सीमाओं के क्षेत्राधिकार में प्रतिवादी वास्तविक और स्वैच्छिक रूप से निवास करता है या कारोबार करता है या अभिलाभ के लिए स्वयं काम करता है
(3) वाद उस न्यायालय में संस्थित किया जावेगा,जिसकी स्थानीय सीमाओं के क्षेत्राधिकार में वाद हेतुक पूर्णतया या भागत: उत्पन्न होता है
(4) उपरोक्त सभी सत्य है

15. In which of the following cases, did the Supreme Court uphold the validity of the Code of Civil Procedure Amendment Acts of 1999 and 2002 ?
(1) Delhi H.C. Bar Association Vs. UOI
(2) Allahabad H.C. Bar Association Vs. UOI
(3) Salem Advocate Bar Association Vs. UOI
(4) P & H H.C. Bar Association Vs. UOI

15. निम्न में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल प्रक्रिया सहिता संशोधन अधिनियम, 1999 एवं 2002 की वैधता को जायज ठहराया ?
(1) देहली हाईकोर्ट बार एसोसियेशन बनाम भारत संघ
(2) इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसियेशन बनाम भारत संघ
(3) सेलम एडवोकेट बार एसोसियेशन बनाम भारत संघ
(4) पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसियेशन बनाम भारत संघ

16. An Appeal under Order XLIII of Code of Civil Procedure shall lie from which of the following orders:-
(1) Rule-11 of Order VII, rejecting the plaint
(2) Rule-9 of Order XXII, refusing to set aside the abatement or dismissal of suit
(3) Rule-1 of Order VIII, not permitting the defendant to present the written statement
(4) Rule-5 of Order XIV, refusing to strike out the issue at the instance of either of the parties

16. न्यायालय द्वारा पारित निम्न में से किस आदेश के विरूद्ध सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश XLIII के अन्तर्गत अपील होगी:-

(1) आदेश VII नियम 11 के अन्तर्गत वादपत्र को नामंजूर किया जाना
(2) आदेश XXII नियम 9 के अन्तर्गत वाद के उपशमन अथवा खारिजी को अपास्त किये जाने से इन्कार करना
(3) आदेश VIII नियम 1 के अन्तर्गत प्रतिवादी को जवाबदावा प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देना
(4) आदेश XIV नियम 5 के अन्तर्गत किसी भी पक्षकार की प्रार्थना पर विवाद्यक को काटने से मना करना

17. Statement 'A' - Where the access and use of light or air to and for any building have been peaceably enjoyed therewith, as an easement, without interruption, and for twenty years, the right to such access and use of light or air shall be absolute.

Statement 'B' - A right to the free passage of light or air to an open space of ground, cannot be acquired by prescription.

(1) Statement 'A' is correct
(2) Statement 'B' is correct
(3) Both statements are correct
(4) Both statements are incorrect

17. **कथन 'क'**- जहां किसी भवन के साथ ही, उस तक या उसके लिए पहुंच और प्रकाश या वायु के प्रयोग का, सुखाचार के रूप में बिना रूकावट के और 20 वर्ष तक शांतिपूर्वक उपयोग किया गया है, वहाँ ऐसी पहुंच और प्रकाश या वायु के प्रयोग का अधिकार पूर्ण होगा।

**कथन 'ख'**- भूमि के खुले के लिए प्रकाश या वायु के अबाध मार्ग का अधिकार चिरभोग के द्वारा अर्जित नहीं किया जा सकता है।

(1) कथन 'क' सही है
(2) कथन 'ख' सही है
(3) दोनों कथन सही है
(4) दोनों कथन असत्य है

18. Which of the following statement is correct?

(1) In a suit for specific performance of a contract for transfer of immovable property, the court cannot grant partition and separate possession of the property
(2) In a suit for specific performance of a contract for transfer of immovable property, the plaintiff cannot alternatively ask for the refund of earnest money or deposit made by him
(3) The court while refusing to grant specific performance of the contract, cannot grant refund of earnest money paid by the plaintiff, unless it has been specifically claimed
(4) All the above are correct

18. निम्न में से कौनसा कथन सही है ?

(1) अचल सम्पत्ति के अंतरण के लिए की गई संविदा की विनिर्दिष्ट पालन के लिए दायर किये गये वाद में न्यायालय सम्पत्ति का बंटवारा एवं पृथक कब्जा नहीं दे सकती

(2) अचल सम्पत्ति के अंतरण के लिए की गई संविदा की विनिर्दिष्ट पालन के लिए दायर किये गये वाद में वादी वैकल्पिक रूप से अग्रिम धन अथवा निक्षेप का प्रतिदाय नहीं मांग सकता है

(3) न्यायालय संविदा की विनिर्दिष्ट पालना से इंकार करते हुए वादी द्वारा अदा किया गया अग्रिम धन का प्रतिदाय नहीं दिला सकती,जब तक कि विशेष रूप से दावा नहीं किया गया हो

(4) उपरोक्त सभी सही है

19. Which of the following documents is not required to be compulsorily registered ?

(1) Instruments creating or declaring right, title or interest to or in immovable property of rupees one hundred and upwards

(2) Wills in respect of immovable property

(3) Leases of immovable property for a term exceeding one year

(4) Instruments transferring any decree of a court when such decree purports to create right in immovable property of rupees one hundred and upwards

19. निम्न में से कौनसे दस्तावेज का पंजीयन अनिवार्य नहीं है ?

(1) 100/- रूपये या उससे अधिक मूल्य की अचल सम्पत्ति में स्वत्व या हित को उत्पन्न करने वाला या घोषित करने वाला दस्तावेज

(2) अचल सम्पत्ति की वसीयत

(3) अचल सम्पत्ति का एक वर्ष से अधिक अवधि का पट्टा

(4) न्यायालय की ऐसी डिक्री जो 100/- रूपये या उससे अधिक मूल्य की अचल सम्पत्ति में अधिकार उत्पन्न करने का आशय रखती है, को अंतरित करने का दस्तावेज

20. In which of the following mortgages, the mortgagor is required to deliver possession of the mortgaged property to the mortgagee?

(1) English mortgage

(2) Mortgage by conditional sale

(3) Usufructuary mortgage

(4) Anomalous mortgage

20. निम्न में से किस बंधक में बंधककर्ता को बंधक सम्पत्ति का कब्जा बंधकदार को सुपुर्द करना आवश्यक है ?

(1) अंग्रेजी बंधक

(2) सशर्त विक्रय द्वारा बंधक

(3) भोग बंधक

(4) विलक्षण बंधक

21. Statement 'A' – Every transfer of immovable property made with intent to defeat or delay the creditors of the transferor is void.

Statement 'B' – Every transfer of immovable property made without consideration with intent to defraud a subsequent transferee is void.
(1) Statement 'A' is correct
(2) Statement 'B' is correct
(3) Both statements are correct
(4) Both statements are incorrect

21. कथन 'क'- अचल सम्पत्ति का प्रत्येक अंतरण, जो अतंरक के लेनदारों को असफल अथवा विलम्बित करने के आशय से किया गया हो, शून्य है ।

कथन 'ख' - अचल सम्पत्ति का बिना प्रतिफल प्रत्येक अंतरण जो पश्चातवर्ती अतंरिती को धोखा देने के आशय से किया गया है, शून्य है
(1) कथन 'क' सही है
(2) कथन 'ख' सही है
(3) दोनों कथन सही है
(4) दोनों कथन गलत है

22. Which of the following statement is correct, so far as Section 9 of the Arbitration and Conciliation Act, 1996 is concerned?
(1) A party may apply to the court for interim measures during the pendency of the arbitration proceedings only
(2) A party may apply to the court seeking appointment of receiver by way of interim measures even after the making of the arbitral award by the Arbitral Tribunal
(3) A party cannot apply for interim measures before the commencement of arbitral proceedings
(4) All the above are correct

22. जहां तक माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 9 का संबंध है, निम्न में से कौनसा कथन सही है ?
(1) केवल माध्यस्थम कार्यवाही के लम्बित रहने के दौरान ही एक पक्षकार अन्तरिम उपाय के लिए न्यायालय को आवेदन कर सकता है
(2) माध्यस्थम अधिकरण द्वारा पंचाट पारित करने के बाद भी एक पक्षकार अंतरिम उपाय के तौर पर रिसीवर नियुक्त करने के लिए न्यायालय को आवेदन कर सकता है
(3) माध्यस्थम कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व एक पक्षकार अंतरिम उपाय के लिए न्यायालय को आवेदन नहीं कर सकता है
(4) उपरोक्त सभी सही है

23. The period of three years is prescribed under Article 137 of the Limitation Act, 1963, in case where no other period of Limitation is provided for filing any:-

(1) Suit

(2) Appeal

(3) Application

(4) Proceeding

23. जब किसी अन्य समय सीमा का प्रावधान नहीं हो उस स्थिति में परिसीमा अधिनियम, 1963 के अनुच्छेद 137 में निम्न में से प्रस्तुत करने हेतु तीन साल की अवधि निर्धारित है:-

(1) दावा

(2) अपील

(3) प्रार्थना पत्र

(4) कार्यवाही

24. Statement 'A' - In computing period of limitation for any appeal, the day from which such period is to be reckoned, shall be included.

Statement 'B' - In computing period of Limitation for any appeal, the day on which the judgment complained of was pronounced and the time requisite for obtaining the copy of the decree shall be excluded.

(1) Statement 'A' is correct

(2) Statement 'B' is correct

(3) Both are correct

(4) Both are incorrect

24. **कथन 'क'**- किसी अपील की परिसीमाकाल की संगणना करने में वह दिन अंतर्विष्ट किया जावेगा, जिससे ऐसी परिसीमा काल की गणना की जाती है ।

**कथन 'ख'**-किसी अपील की परिसीमाकाल की संगणना करने में जिस दिन परिवादित निर्णय सुनाया गया था और प्रतिलिपी अभिप्राप्त करने के लिए अपेक्षित समय अपवर्जित कर दिया जावेगा ।

(1) कथन 'क' सही है

(2) कथन 'ख'सही है

(3) दोनों कथन सही है

(4) दोनों कथन गलत है

25. Which of the following is correct as per Section 22-C of the Legal Services Authority Act, 1987 ?

(1) Any party to a dispute may, after the dispute is brought before any court, make an application to the Permanent Lok Adalat for the settlement of dispute
(2) The Permanent Lok Adalat shall not have the jurisdiction in respect of any matter relating to an offence not compoundable under any law
(3) The Permanent Lok Adalat shall have the jurisdiction only in such matter where the value of the property in dispute is more than ten lakh rupees
(4) All the above are correct

25.विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-सी के अनुसार निम्न में से कौनसा कथन सही है ?

(1) विवाद को न्यायालय में लाने के पश्चात विवाद का एक पक्षकार विवाद के निपटारे के लिए स्थाई लोक अदालत को आवेदन कर सकता है
(2) किसी विधि के अन्तर्गत अशमनीय अपराध से संबंधित किसी प्रकरण के संबंध में स्थाई लोक अदालत के पास कोई अधिकारिता नहीं होगी
(3) स्थाई लोक अदालत के पास उस मामले में ही अधिकारिता होगी जहां विवाद में सम्पत्ति का मूल्य रूपये दस लाख से अधिक हो
(4) उपरोक्त सभी सही है

26. Under Section 11 of the Hindu Marriage Act, 1955, the marriage may be declared null and void if:-

(1) the parties are within the degrees of prohibited relationship
(2) at the time of the marriage, one of the parties was incapable of giving a valid consent to it in consequence of unsoundness of mind
(3) at the time of the marriage, one of the parties was subject to recurrent attacks of insanity
(4) in all the above circumstances

26. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 11 के अन्तर्गत विवाह को अकृत्य एवं शून्य घोषित किया जा सकता है, यदि :-

(1) पक्षकार प्रतिषिद्ध नातेदारी की डिक्रीयों में हो
(2) चित्त विकृत के परिणामस्वरूप कोई एक पक्षकार विवाह के समय विधिमान्य सहमति देने में असमर्थ हो
(3) कोई एक पक्षकार को विवाह के समय उन्मत्तत्ता के बार बार दौरे आते हो
(4) उपरोक्त सभी परिस्थितियों में

27. After the Hindu Succession (Amendment) Act, 2005, the daughter of a coparcener in a Joint Hindu family governed by the Mitakshara law :-
(1) shall have no right in the coparcenery property
(2) cannot become a coparcener by birth
(3) shall become a corparcener by birth in her own right in the same manner as the son
(4) shall be entitled to dispose of the entire coparcenery property

27. हिन्दू उत्तराधिकार (संशोधन) अधिनियम 2005 के पश्चात मिताक्षरा विधि द्वारा शासित हिन्दू परिवार में सहदायिक की पुत्री :-
(1) को सहदायिकी सम्पत्ति में कोई अधिकार नहीं होगा
(2) जन्म से सहदायिक नहीं बन सकती है
(3) पुत्र की तरह उसी रीति में जन्म से उसके अपने अधिकार में सहदायिक होगी
(4) सम्पूर्ण सहदायिकी सम्पत्ति का व्ययन करने की अधिकारिणी होगी

28. Which of the following is incorrect ?
(1) The husband is the natural guardian of a Hindu married girl
(2) After the adoption of Hindu minor son, his father continues to remain his natural guardian till he attains majority
(3) The natural guardian of a Hindu minor child is the father, and after him the mother, but custody of minor upto the age of five years shall ordinarily be with the mother
(4) The natural guardian of an illegitimate Hindu minor boy is the mother, and after her, the father

28. निम्न में से कौनसा गलत है ?
(1) हिन्दू विवाहिता लडकी का प्राकृतिक संरक्षक उसका पति होता है
(2) हिन्दू नाबालिग पुत्र के दत्तक-ग्रहण के पश्चात उसका पिता लगातार उसका प्राकृतिक संरक्षक बना रहता है जब तक कि वह वयस्कता प्राप्त नहीं कर लेता
(3) हिन्दू अवयस्क बालक का प्राकृतिक संरक्षक उसका पिता होता है और उसके पश्चात माता होती है लेकिन पांच वर्ष तक की उम्र तक अवयस्क की अभिरक्षा सामान्यत: माता के पास रहेगी
(4) अधर्मज हिन्दू अव्यस्क लडके की प्राकृतिक संरक्षक माता होती है और उसके पश्चात पिता होता है

29. A Hindu wife is entitled to claim maintenance after the death of her husband from her father-in-law under :-
(1) Section 25 of the Hindu Marriage Act, 1955
(2) Section 24 of the Hindu Marriage Act, 1955
(3) Section 19 of the Hindu Adoptions and Maintenance Act, 1956
(4) Section 10 of the Hindu Succession Act, 1956

29. एक हिन्दू पत्नी अपने पति की मृत्यु के पश्चात अपने ससुर से भरण पोषण निम्न विधि में प्राप्त करने की अधिकारिणी है:-

(1) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 25 के अन्तर्गत
(2) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 के अन्तर्गत
(3) हिन्दू दत्तक तथा भरण पोषण अधिनियम,1956 की धारा 19 के अन्तर्गत
(4) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 10 के अन्तर्गत

30. As per Section 2(q) of the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005, "respondent" means and includes:-

(1) any person, who is in a domestic relationship with the aggrieved person and against whom the aggrieved person has sought relief under the Act
(2) male partner when aggrieved female is living in a relationship with him in the nature of a marriage
(3) the female relatives of the husband of the aggrieved wife, seeking their removal from the shared household
(4) none of the above

30. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 2 (थ) में 'प्रत्यर्थी' से अभिप्रेत और उसमें शामिल है:-

(1) कोई व्यक्ति जो व्यथित व्यक्ति की घरेलू नातेदारी में है और जिसके विरूद्ध व्यथित व्यक्ति ने इस अधिनियम के तहत कोई अनुतोष चाहा है
(2) विवाह की प्रकृति की किसी नातेदारी में रहने वाली कोई व्यथित महिला का पुरूष साथी
(3) व्यथित पत्नि के पति के महिला नातेदार, जिन्हें सांझी ग्रहस्थी से हटाना चाहा जा रहा है
(4) उक्त में से कोई नहीं

31. As per Section 3 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, the Chapter II and III thereof do not apply to:-

(1) the premises, let out after the commencement of the Act for a period of two years through a registered deed
(2) the premises, let out to the multinational company having paid up share capital of less than rupees one crore
(3) the premises, let out for residential purposes, the monthly rent whereof is rupees four thousand in case of the premises situated in the Municipal area of Jaipur city
(4) the premises belonging to the Government company as defined under the Companies Act, 1956

31. राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001, की धारा 3 के अनुसार उसके अध्याय II और III लागू नहीं होते है:-
(1) परिसरों पर, जो इस अधिनियम के प्रारम्भ के पश्चात पंजीकृत विलेख के जरिये दो साल की अवधि के लिए किराये पर दिये गए हो
(2) ऐसे परिसरों पर, जो बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, जिनकी चुकता अंश पुंजी एक करोड रूपये से कम हो, को किराया दी गई है
(3) परिसरों, जो जयपुर नगरपालिका क्षेत्र में आवासीय उद्देश्य से चार हजार रूपये मासिक किराये पर दिया गया हो
(4) परिसर, जो कम्पनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत परिभाषित राजकीय कम्पनी के हो

32. Which of the following statements is not correct, so far as Section 242 of the Rajasthan Tenancy Act, 1955 is concerned ?
(1) Civil court can frame the issue with regard to the tenancy rights in agricultural land and submit the record to the appropriate revenue court for the decision on that issue only
(2) Civil court may or may not accept the finding of revenue court on the issue referred to it
(3) The finding of the revenue court on the issue referred to it, shall be deemed to be part of the finding of civil court for the purposes of Appeal
(4) Civil court cannot decide the issue which was referred to the revenue court

32. जहां तक राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 की धारा 242 का संबंध है, निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?
(1) दीवानी न्यायालय कृषि भूमि में काश्तकारी अधिकारों के संबंध में विवाद्यक की रचना करके अभिलेख को समुचित राजस्व न्यायालय को केवल उस विवाद्यक पर निर्णय हेतु भेज सकता है
(2) दीवानी न्यायालय, प्रेषित विवाद्यक पर राजस्व न्यायालय द्वारा दिये गये निष्कर्ष को स्वीकार कर सकता है अथवा नहीं कर सकता है
(3) राजस्व न्यायालय का, उसे प्रेषित किये गये विवाद्यक पर निर्णीत मत, अपील के अभिप्रायों के लिए, दीवानी न्यायालय के निर्णीत मत का अंग समझा जावेगा
(4) राजस्व न्यायालय को प्रेषित विवाद्यक को दीवानी न्यालालय निर्णीत नहीं कर सकता है

33. Which of the following is not the judicial matter under Section 23 read with the First Schedule to the Rajasthan Land Revenue Act, 1956 ?
(1) Regularisation of unauthorised occupation
(2) A dispute with respect to the right of grazing cattle on pasturage land
(3) Settlement of boundary disputes
(4) Mutation upon succession

33.राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 23 सपठित अनुसूची प्रथम के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा न्यायिक मामला नहीं है ?

(1) अनाधिकृत कब्जे का नियमितीकरण

(2) चारागाह भूमि पर पशुओं को चराने के अधिकार से संबंधित विवाद

(3) सीमा विवादों का निपटारा

(4) उत्तराधिकार पर नामान्तरण

34. The General Rules (Civil), 1986 have been framed:-

(1) by the Rajasthan High Court under Article 227 of the Constitution of India

(2) by the Governor under Article 166 of the Constitution of India.

(3) by the Chief Justice under Article 229 of the Constitution of India.

(4) by the State Government under Article 309 of the Constitution of India.

34. सामान्य नियम (दीवानी), 1986 बनाये गये है :-

(1) भारत के संविधान के अनुच्छेद 227 के अन्तर्गत राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा

(2) भारत के संविधान के अनुच्छेद 166 के अन्तर्गत राज्यपाल द्वारा

(3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 229 के अन्तर्गत मुख्य न्यायाधीश द्वारा

(4) भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा

35. Which of the followings is not an essential ingredient of gift under the Mohammedan law :-

(1) a declaration of gift by the donor

(2) acceptance of gift, expressed or implied, by or on behalf of donee

(3) delivery of possession of the subject gift by the donor to the donee

(4) a written deed of gift

35. निम्न में से कौनसा मुस्लिम विधि में दान का आवश्यक तत्व नहीं है:-

(1) दानदाता द्वारा दान की घोषणा

(2) दानग्रहिता या उसकी ओर से दान की अभिव्यक्त एवं विवक्षित स्वीकृति

(3) दानदाता द्वारा दान की जाने वाली विषय वस्तु का कब्जा दानग्रहिता को सौंपा जाना

(4) दान का लिखित विलेख

36. Which of the following is correct statement of law as per Sections 82 and 83 of the Code of Criminal Procedure 1973 ?

(1) The court may order attachment of property belonging to an accused before declaring him a proclaimed person under Section 82
(2) The court may order attachment of property of a person after publication of a written proclamation under Section 82 requiring him to appear before it
(3) The court may order attachment of property of a person regardless of whether or not he has been declared proclaimed offender
(4) None of the above

36. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 82 व 83 के अनुसार निम्न में से कौनसा विधि का सही वक्तव्य है ?

(1) न्यायालय किसी अभियुक्त को धारा 82 के अन्तर्गत फरार घोषित करने से पूर्व उसकी सम्पत्ति की कुर्की का आदेश दे सकता है
(2) न्यायालय किसी व्यक्ति को धारा 82 के अन्तर्गत उसे अपने सम्मुख प्रस्तुत करने हेतु लिखित उद्घोषणा को प्रकाशित होने के पश्चात उसकी सम्पत्ति की कुर्की का आदेश दे सकता है
(3) न्यायालय किसी व्यक्ति की सम्पत्ति की कुर्की का आदेश दे सकता है, भले ही उसे फरार अभियुक्त घोषित किया गया हो या नहीं
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

37. Which of the following irregularities of a Magistrate, not empowered by law to do so, vitiates the proceedings?

(1) To hold inquiry under Section 176 code of criminal procedure
(2) To make over a case under Sub-Section (2) of Section 192 code of criminal procedure
(3) To take cognizance of an offence under clause (c) of sub-section (1) of Section 190 of the code of criminal procedure
(4) To tender pardon to accomplice under Section 306 of the code of criminal procedure

37. मजिस्ट्रेट द्वारा की गई निम्नलिखित में से कौनसी अनियमितताएं, जिसके लिए वह विधि द्वारा सशक्त नहीं है, कार्यवाही को दूषित करती है ?

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 176 के तहत की गई जांच
(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 192 की उपधारा (2) के अधीन किसी मामले को हवाले करना
(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 190 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन किसी अपराध का प्रसंज्ञान करना
(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 306 के अधीन सह-अपराधी को क्षमादान करना

38. Which of the following irregularities of a Magistrate not empowered by law to do so, does not vitiate the proceedings:-
(1) calling of record to exercise powers of revision under Section 397 of Code of Criminal Procedure
(2) taking cognizance of an offence under clause (a) or clause (b) of sub-section (1) of Section 190 of Code of Criminal Procedure
(3) decision of an appeal
(4) revision of an order passed under section 466 of Code of Criminal Procedure

38.मजिस्ट्रेट द्वारा की गई निम्नलिखित में से कौनसी अनियमितताएं, जिसके लिए वह विधि द्वारा सशक्त नहीं है,कार्यवाही को दूषित नहीं करती है :-
(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 397 के अन्तर्गत पुनरीक्षण की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए अभिलेख मंगाना
(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 190 की उपधारा (1) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन किसी अपराध का प्रसंज्ञान लेना
(3) अपील का निर्णय करना
(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 466 के अन्तर्गत पारित आदेश का पुनर्रीक्षण करना

39. Which of the following offences is cognizable, non-bailable and non-compoundable :-
(1) voluntarily causing grievous hurt, punishable under Section 325 IPC
(2) attempt to murder punishable under Section 307 IPC
(3) voluntarily causing hurt to extort confession, or to compel restoration of property, punishable under Section 330 IPC
(4) voluntarily causing grievous hurt on provocation punishable under Section 335 IPC

39. निम्न में से कौनसा अपराध संज्ञेय, गैर जमानती और अशमनीय है:-
(1) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के अन्तर्गत दण्डनीय स्वेच्छया घोर उपहति कारित करना
(2) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 के अन्तर्गत दण्डनीय हत्या करने का प्रयत्न करना
(3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 330 के अन्तर्गत दण्डनीय संस्वीकृति उद्दापित करने या विवश करके सम्पत्ति का प्रत्यावर्तन कराने के लिए स्वेच्छया उपहति कारित करना
(4) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 335 के अन्तर्गत दण्डनीय प्रकोपन पर स्वेच्छया घोर उपहति कारित करना

40. Which of the following provisions of the Indian Penal Code defines culpable homicide?
(1) Section 302
(2) Section 300
(3) Section 301
(4) Section 299

40.भारतीय दण्ड संहिता का निम्न में से का कौनसा प्रावधान आपराधिक मानववध को परिभाषित करता है?
(1) धारा 302
(2) धारा 300
(3) धारा 301
(4) धारा 299

41. Statement of an accused can be recorded on oath:-
(1) is not a correct statement of law
(2) under Section 315 code of criminal procedure
(3) under Section 313 code of criminal procedure
(4) under Section 391 code of criminal procedure

41. अभियुक्त का बयान शपथ पर लिया जा सकता है :-
(1) विधि का सही वक्तव्य नहीं है
(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 315 के अन्तर्गत
(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के अन्तर्गत
(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 391 के अन्तर्गत

42. Which of the following is correct statement according to law ?
(1) An accomplice shall be competent witness against an accused person
(2) Leading question may be asked in cross-examination of a witness
(3) The court may permit a party, who, calls a witness, to put any question to him, which might be put in cross-examination by the adverse party
(4) All the above

42. निम्न में से कौनसा वक्तव्य विधि अनुसार सही है?
(1) सह अपराधी, अभियुक्त व्यक्ति के विरूद्ध सक्षम साक्षी होगा
(2) किसी साक्षी की प्रतिपरीक्षा में सूचक प्रश्न पूछा जा सकता है
(3) न्यायालय किसी पक्षकार को अपने ही साक्षी से ऐसे प्रश्न करने की अनुज्ञा दे सकता है, जो प्रतिपक्षी द्वारा प्रतिपरीक्षा में किया जा सकता है
(4) उपरोक्त सभी

43. Burden of proof under Section 101 of the Indian Evidence Act, 1872:-
(1) goes on shifting as the trial proceeds
